# इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

## वर्ष 2023

त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका वर्ष 12 अंक 47 (जुलाई, 2023)

(नि:शुल्क वितरण के लिए)




**सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान**

**(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)**

**पिलानी (राजस्थान) 333031**

**संरक्षक**

डॉ.  पी.सी. पंचारिया

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

**संपादक**

श्री रमेश बौरा

वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी

**प्रकाशक**

राजभाषा प्रकोष्ठ

सीएसआईआर-सीरी

**प्रकाशनाधिकार**

©

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

## विभिन्न आयोजन / महत्वपूर्ण घटनाएँ

### ✓ संस्थान में प्रशासनिक कार्यशाला का आयोजन

संस्थान में दिनांक 11 अप्रैल, 2023 को आचरण नियमों (Conduct Rules) पर प्रशासनिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी सहकर्मियों के लाभार्थ आचरण नियमों पर आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यशाला में व्याख्यान हेतु पूर्व प्रशासन नियंत्रक श्री मुकुंद सहाय को आमंत्रित किया गया था। कार्यशाला का उद्देश्य सभी सहकर्मियों को केंद्रीय कर्मचारियों के लिए लागू आचरण नियमों की जानकारी देना था। संस्थान के सभागार में आयोजित कार्यशाला में संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक, अधिकारीगण एवं अन्य सहकर्मी उपस्थित थे। श्री मुकुंद सहाय, पूर्व प्रशासन नियंत्रक ने संस्थान के सहकर्मियों को केंद्रीय सिविल सेवा नियमावली, 1964 पर विस्तार से जानकारी दी। अपने आरम्भिक संबोधन में उन्होंने आचरण नियमों की आवश्यकता एवं पृष्ठभूमि से भी अवगत कराया। व्याख्यान के माध्यम से उन्होंने बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों के रूप में न केवल कार्यालय अपितु कार्यालय से बाहर भी हमारा लगभग प्रत्येक आचरण/व्यवहार 'आचरण नियमावली' के दायरे में आता है। उन्होंने नियमावली के महत्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित करते हुए उच्चतम न्यायालय के तत्संबंधी निर्णयों की भी चर्चा की। संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि संस्थान के प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी के लिए आचरण नियम जैसे महत्वपूर्ण विषय की जानकारी आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है। अंत में श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक ने औपचारिक रूप से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आमंत्रित व्याख्यान देने के लिए श्री मुकुंद सहाय के प्रति आभार व्यक्त किया।

### ✓ राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस- 2023 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी द्वारा दिनांक 11 मई, 2023 को विज्ञान भारती-राजस्थान और डॉ. बी लाल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 का आयोजन किया गया। डॉ. बी लाल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, जयपुर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. एल एस राठौड़ उपस्थित थे। इनके अलावा विज्ञान भारती-राजस्थान के सचिव डॉ. मेघेन्द्र शर्मा, डॉ. शिवसिह राठौड़ उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्थान के जयपुर केन्द्र में जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत 150 से अधिक विद्यार्थियों को संस्थान की शोध गतिविधियों की जानकारी दी गई।

### ✓ एक सप्ताह – एक प्रयोगशाला (वन वीक-वन लैब) का आयोजन

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री एवं उपाध्यक्ष, सीएसआईआर, डॉ. जितेन्द्र सिह तथा सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ.(श्रीमती) एन. कलैसेल्वी के विचारों को मूर्तरूप देते हुए सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) में 15-19 मई, 2023 के दौरान सीएसआईआर के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'एक सप्ताह – एक प्रयोगशाला का आयोजन किया गया। विदित ही है कि माननीय डॉ. जितेन्द्र सिह जी ने सीएसआईआर स्थापना दिवस 2022 के अवसर पर नई दिल्ली में 'वन वीक -वन लैब' नामक देशव्यापी अभियान शुरू करने की घोषणा की थी जिसके अनुसार सीएसआईआर की सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाएं अपनी शोध उपलब्धियों एवं गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए इस अभियान में अपना योगदान देगी। संस्थान में सप्ताहपर्यन्त आयोजित किए गए इस कार्यक्रम के दौरान दिनांक 16 मई को सूक्ष्मतरंग प्रौद्योगिकियाँ, 17 मई को आर्टिफीशियल इंटेलिजेन्स व 18 मई को सेमिकंडक्टर मैटीरियल्स, डिवाइसेज एवं सिस्टम्स पर वैज्ञानिक कार्यशालाएं तथा दिनांक 19 मई को किसान मेला आयोजित किया गया। संस्थान में उपर्युक्त अवधि के दौरान कुल 08 समझौता ज्ञापन/प्रोटोटाइप हस्तांतरण अप्रकटीकरण समझौतों का आदान-प्रदान हुआ। इस संपूर्ण आयोजन में उद्योग और स्टार्ट-अप के प्रतिनिधि, वैज्ञानिक-छात्र, शोधार्थी किसान एवं अन्य लोग सम्मिलित हुए।

### ✓ संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा – 2023 का आयोजन

भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय तथा सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार सीएसआईआर- सीरी में दिनांक 01 से 15 मई, 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस अवधि के दौरान संस्थान के विभिन्न प्रभागों/प्रयोगशालाओं/अनुभागों एवं कार्यालय परिसर के अन्य स्थानों पर गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। निदेशक, सीएसआईआर-सीरी द्वारा डॉ. पंकज भूषण अग्रवाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक की अध्यक्षता में गठित समिति ने संस्थान के स्वच्छता कर्मियों एवं अन्य सहकर्मियों के सहयोग से संस्थान एवं कॉलोनी परिसर में स्वच्छता संबंधी कार्य किया। इस दौरान कुछ अनुभागों/प्रभागों ने पुराने एवं अनावश्यक स्टेशनरी की छंटाई (Weeding out) के साथ-साथ खराब एवं अनुपयोगी सामान के निपटान संबंधी कार्रवाई भी की। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दिनांक 30.06.2023 को आयोजित समापन समारोह में निदेशक महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### ✓ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस - 2023 का आयोजन

संस्थान में दिनांक 21 जून, 2023 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस के अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने सहकर्मियों एवं उनके परिजनों को योग व प्राणायाम के लाभ बताए। सीरी स्टाफ क्लब द्वारा संस्थान के मुख्य लॉन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सत्र में उपस्थित साथियों को योग व प्राणायाम के अभ्यास भी कराए। उन्होंने सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 की बधाई दी।

## पुरस्कार/सम्मान

### 1. वेदा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

डॉ. चंद्रशेखर, पूर्व निदेशक, सीएसआईआर-सीरी को 'वेदा' सोसाइटी के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. चंद्रशेखर को यह पुरस्कार सीएसआईआर-सीरी में आयोजित किए गए 'वन वीक-वन लैब' कार्यक्रम के दौरान दिनांक 16 मई, 2023 को प्रदान किया गया।

## समझौता ज्ञापन/एनडीए

1. **प्रौद्योगिकी :** एकेडमिक एण्ड आर एण्ड डी कोलैबोरेशन
**उद्योग/क्लाइंट :** मिजोरम यूनिवर्सिटी, मिजोरम
**दिनांक** – 10 मई, 2023

2. **प्रौद्योगिकी :** रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट इन इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड एलाइड टेक्नोलॉजीज
**उद्योग/क्लाइंट :** पैनेसिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्रा.लि., मालूर कर्नाटक
**दिनांक** – 15 मई, 2023

3. **प्रौद्योगिकी :** कोलैबोरेटिव आर एण्ड डी इन इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड एलाइड टेक्नोलॉजीज
**उद्योग/क्लाइंट :** वीके इंडस्ट्रीज, पिलानी
**दिनांक** – 15 मई, 2023

4. **प्रौद्योगिकी :** एकेडमिक एण्ड आर एण्ड डी कोलैबोरेशन
**उद्योग/क्लाइंट :** एसकेआईटी, जयपुर
**दिनांक** – 15 मई, 2023

5. **प्रौद्योगिकी :** ड्रोन टेक्नोलॉजीज
**उद्योग/क्लाइंट :** ड्रोन टेक
**दिनांक** – 15 मई, 2023

6. **प्रौद्योगिकी :** एआई सॉल्यूशंस फॉर लेदर टेक्नोलॉजीज
**उद्योग/क्लाइंट :** के एच एक्सपोर्ट इंडिया प्रा.लि.
**दिनांक** – 17 मई, 2023

7. **प्रौद्योगिकी :** एकेडमिक एण्ड आर एण्ड डी कोलैबोरेशन
**उद्योग/क्लाइंट :** मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन
**दिनांक** – 19 मई, 2023

8. **प्रौद्योगिकी :** एकेडमिक एण्ड आर एण्ड डी कोलैबोरेशन
**उद्योग/क्लाइंट :** धीरूभाई अंबानी इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फार्मेशन एण्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी
**दिनांक** – 19 मई, 2023

9. **प्रौद्योगिकी :** एकेडमिक एण्ड आर एण्ड डी कोलैबोरेशन
**उद्योग/क्लाइंट :** गनपत यूनिवर्सिटी – यूवी पटेल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, मेहसाणा, गुजरात
**दिनांक** – 22 जून, 2023

## प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

1. **प्रौद्योगिकी :** लाइसेंस एग्रीमेंट ऑन ''आईओटी इनेबल्ड, स्मार्ट वॉच फॉर वाइटल हेल्थ पैरामीटर्स''
**उद्योग/क्लाइंट :** मेडीमाइनर्स इंडिया प्रा.लि., तेलंगाना
**दिनांक** – 01 मई, 2023

## शोध पत्र/लेख/व्याख्यान प्रस्तुतीकरण

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 24वीं इंटरनेशनल वैक्यूम इलेक्ट्रॉनिक्स कॉन्फ्रेंस (आईवीईसी-2023)
**स्थान** – चीन
**दिनांक** – 24 अप्रैल, 2023
**शोध पत्र** – सिंथेसिस ऑफ ग्राफीन ऑक्साइड एण्ड यूज़्ड एज़ ए फील्ड एमीटर ऑफ वैक्यूम इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज़
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – डॉ. रंजन कुमार बारिक, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस इन इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च इन टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट (आईआरटीएम-2023)
**स्थान** – आईआईटी, दिल्ली
**दिनांक** – 25-28 अप्रैल, 2023
**शोध पत्र** – डिजाइन एण्ड सिमुलेशन ऑफ एयर-कपल्ड 4 MHz सीएमयूटी
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – डॉ. रविन्द्र मुखिया, प्रधान वैज्ञानिक

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 24वीं इंटरनेशनल वैक्यूम इलेक्ट्रॉनिक्स कॉन्फ्रेंस (आईवीईसी-2023)
**स्थान** – चीन
**दिनांक** – 25-28 अप्रैल, 2023
**शोध पत्र** – डिजाइन ऑफ फील्ड एमिशन इलेक्ट्रॉन गन फॉर डब्ल्यू-बैंड फोटोनिक क्रिस्टल (पीएचसी) बेस्ड हाई पॉवर सोर्स
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – शुभम चौधुरी, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 50वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन प्लाज़्मा साइंस (आईसीओपीएस -2023)
**स्थान** – न्यू मेक्सिको
**दिनांक** – 21-25 मई, 2023
1. **शोध पत्र** – स्टडी ऑफ इलेक्ट्रॉन बीम प्रोफाइल इन स्टैगर्ड डबल वेन डब्ल्यू-बैंड इंटरैक्शन स्ट्रक्चर
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री प्रेरणा उनादकट, जेआरएफ
2. **शोध पत्र** – (1) एनालिसिस ऑफ वेन टाइप इंटरैक्शन स्ट्रक्चर्स सुटेबल फॉर THz रेजीम
(2) सिमुलेशन स्टडी ऑन टेराहर्ट्ज़ बेस्ड कैंसर सेल डायग्नोस्टिक सिस्टम यूजिंग COMSOL
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री मोनोदीपा सरकार, जेआरएफ

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 2023 ऑन कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग एण्ड एप्लीकेशन (आईसी2ई3)
**स्थान** – एनआईटी – उत्तराखण्ड
**दिनांक** – 08-09 जून, 2023
**शोध पत्र** – असेसमेंट ऑफ बल्क एकॉस्टिक वेव बेस्ड सॉलिडली माउंटेड रेज़ोनेटर (BAW-SMR) एज़ ओजोन सेंसर यूजिंग आईटीओ सेंसेटिव लेयर (आईसी2ई3-2023)
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री विनीता, पीएचडी छात्रा

## कौशल विकास कार्यक्रम/शिक्षण-प्रशिक्षण

1. **कार्यक्रम का नाम** - सेमिकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम (शिल्प)

(1) **कॉलेज/संस्थान का नाम** – जोधपुर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (JIET), जोधपुर
**प्रशिक्षित छात्रों की संख्या** – 14 (+1 अन्य संस्थान)

**अवधि** – 22 मई से 02 जून, 2023

(2) **कॉलेज/संस्थान का नाम** – बिट्स-पिलानी एवं बिट्स-हैदराबाद

**प्रशिक्षित छात्रों की संख्या** – 12 (+2 बिट्स हैदराबाद)

**अवधि** – 05-16 जून, 2023

✓ **जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक दौरा**

| क्र.सं. | स्कूल/कॉलेज का नाम | दिनांक | छात्रों की सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | एमडीयू, रोहतक | 28.04.2023 | 40 |
| 2. | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भगीना | 16.05.2023 | 37 |
| 3. | प्रिंस एकेडमी शिक्षा समिति, पिलानी | 17.05.2023 | 30 |
| 4. | बगड़ इंस्टीट्यूट फॉर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेन, बगड़ | 17.05.2023 | 52 |
| 5. | राकेश पीजी कॉलेज, पिलानी | 18.05.2023 | 20 |

कौशल विकास कार्यक्रम एवं जिज्ञासा के अंतर्गत आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं व संकाय सदस्यों को संस्थान के महत्वपूर्ण शोध कार्यों की जानकारी दी गई और प्रयोगशालाओं/विज्ञान संग्रहालय का भ्रमण कराया गया।

## एसीएसआईआर समाचार

✓ **पी एच डी ओपन कोलॉक्युम**

**1. विषय :** लीक डिटेक्शन टेक्नीक्स एप्लाइड टु वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क्स

**प्रस्तुतकर्ता :** सुश्री पूजा चौधरी, एसीएसआईआर पीएचडी छात्रा

**दिनांक :** 11 अप्रैल, 2023

**2. विषय :** डेवलपमेंट ऑफ आरएफ रेक्टेना-बेस्ड एनर्जी हार्वेस्टर फॉर सेल्फ-सस्टेंड आईओटी-इनेबल सेंसर नोड्स

**प्रस्तुतकर्ता :** सुश्री खुशबू सिंह राघव, एसीएसआईआर पीएचडी छात्रा

**दिनांक :** 20 जून, 2023

**3. विषय :** डिज़ाइन एण्ड डेवलपमेंट ऑफ अल्ट्रासेंसिटिव एसईआरएस सब्सट्रेट फॉर पेस्टिसाइड डिटेक्शन

**प्रस्तुतकर्ता :** श्री राकेश कुमार सैनी, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र

**दिनांक :** 21 जून, 2023

## प्रमुख राजभाषा गतिविधियाँ

✓ **तिमाही प्रगति रिपोर्ट**

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/समूहों/प्रभागों से सूचना/आँकड़े एकत्र एवं समेकित कर जनवरी-मार्च, 2023 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट 19 अप्रैल, 2023 को संयुक्त सचिव, सीएसआईआर मुख्यालय को भेजी गई।

✓ **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में जनवरी-मार्च, 2023 तिमाही के कार्यों की समीक्षा हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 25 अप्रैल, 2023 को आयोजित की गई। बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर सभी रा.का.स. सदस्यों व सीएसआईआर मुख्यालय एवं संबद्ध प्रयोगशालाओं को सूचनार्थ भेजा गया।

✓ **प्रकाशन कार्य**

राजभाषा समाचार पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक ज्योति' वर्ष 12, अंक 46 (अप्रैल, 2023)

✓ **प्रतियोगिताएँ**

1. कंप्यूटर पर हिंदी टंकण (26 अप्रैल, 2023)
2. हिंदी पाठ-पठन (हिंदी भाषी) (26 मई, 2023)

## प्रशासनिक समाचार

➢ **सेवानिवृत्तियाँ**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सुलोचना शर्मा, सहायक अनुभाग अधिकारी | 30.04.2023 |
| 2. | श्री लीला राम, अनुभाग अधिकारी | 30.06.2023 |

➢ **पदोन्नतियाँ**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | पदोन्नत पद | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री विनोद कुमार, वरि. तकनीकी अधिकारी | वरि. तकनीकी अधिकारी (2) | 12.04.2023 |

(संदर्भ का.ज्ञा.सं. 6(36)/2022-SII, दिनांक- 19.04.2023, सीएसआईआर-एनएएल द्वारा जारी)

➢ **एमएसीपी**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री संतोष कुमार, एमटीएस | 28.03.2023 |

(संदर्भ का.ज्ञा.सं. 15(103)/2018-R&R, दिनांक- 28.03.2023)

➢ **संस्थान से त्यागपत्र/इस्तीफा होकर गए अधिकारी/कार्मिक**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री सोनाचंद अधिकारी, प्रधान वैज्ञानिक | 17.02.2023 |

## चित्र दीर्घा (फोटो गैलरी)



प्रशासनकि कार्यशाला में अध्यक्षीय संबोधन देते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी




प्रशासनिक कार्यशाला के दौरान आचरण नियमों पर आमंत्रित व्याख्यान देते हुए श्री मुकुंद सहाय, पूर्व प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-एनबीआरआई, लखनऊ



प्रशासनिक कार्यशाला के दौरान श्री मुकुंद सहायक को शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



वन वीक – वन लैब कार्यक्रम के तहत कॉफी टेबल बुक (सीएसआईआर-सीरी का संक्षिप्त परिचय) का विमोचन करते हुए अतिथिगण



अतिथियों को प्रोसीज़न कृषि प्रायोगिक स्टेशन का भ्रमण कराते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



वन वीक – वन लैब कार्यक्रम के दौरान प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अतिथिगण




वन वीक – वन लैब कार्यक्रम में सांस्कृतिक संध्या में रंग बिखेरते कलाकर



सीरी संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा- 2023 के दौरान श्रमदान करते हुए सहकर्मीगण



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दौरान निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, डॉ. पी सी पंचारिया ने सहकर्मियों एवं उनके परिजनों को योग व प्राणायाम के लाभ बताए।

..................